उत्तर प्रदेश विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2022 के प्रथम शुक्रवार के लिए निर्धारित डा0 आकाश अग्रवाल, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूँछे गये तारांकित प्रश्न संख्या–27 का उत्तर।

<table>
<tr><th>प्रश्न</th><th>उत्तर</th></tr>
<tr><td>27(क) क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि यूपी बोर्ड की जो परीक्षा का मूल्यांकन कार्य होता है उस मूल्यांकन का पैसा संबंधित शिक्षक को दिया जाता है ?</td><td>जी हॉ।</td></tr>
<tr><td>(ख) वर्ष 2018 से वर्ष 2022 तक हुई यू0पी0 बोर्ड की परीक्षा का मूल्यांकन का कितना रूपया वर्षवार सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश के शिक्षकों का बकाया है तथा मूल्यांकन कार्य की अवशेष धनराशि कब तक शिक्षकों को मिलेगी ?</td><td>वर्ष 2018 से 2020 तक शिक्षकों के बकाया धनराशि का विवरण निम्नवत् है :–
<table>
<tr><td>वर्ष</td><td>बकाया धनराशि</td></tr>
<tr><td>2018</td><td>48,02,704.00</td></tr>
<tr><td>2019</td><td>4,11,53,761.00</td></tr>
<tr><td>2020</td><td>4,38,65,836.00</td></tr>
<tr><td>योग</td><td>8,98,22,301.00</td></tr>
</table>
वर्ष 2021 में आयोजित अंक सुधार परीक्षा हेतु समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश से की गई मॉग के अनुसार धनराशि का सम्पूर्ण आवंटन किया गया था, कोई भुगतान अवशेष नहीं है।<br>
वर्ष 2022 में मूल्यांकन के भुगतान हेतु समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश को रू032,71,42,080–00 का धनावंटन जारी किया गया है, भुगतान की कार्यवाही जिला विद्यालय निरीक्षक स्तर पर गतिमान है।<br>
वर्ष 2018 से वर्ष 2020 तक के अवशेष धनराशि का भुगतान सुसंगत मद में पर्याप्त बजट व्यवस्था कराकर नियमानुसार सुनिश्चित की जायेगी।</td></tr>
<tr><td>(ग) शिक्षकों को उसके परिश्रम एवं मूल्यांकन का पैसा समय पर मिले, उसके लिए सरकार का दायित्व है ?</td><td>जी हॉ।</td></tr>
<tr><td>(घ) यदि हॉ, तो लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करायेंगे ?</td><td>जी हॉ।</td></tr>
<tr><td>(ड़) क्या शिक्षकों के परिश्रम एवं मूल्यांकन का पैसा समय पर मिले, उसके लिए कोई नियम बनायेंगे ?</td><td>शिक्षकों को समय से उनके मूल्यांकन पारिश्रमिक के भुगतान हेतु आवंटित बजट से नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जाती है।</td></tr>
</table>

गुलाब देवी
मंत्री।